**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1357**

**जिसका उत्तर 09 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।**

**मेघालय में सौभाग्य योजना**

**1357. श्री विनसेंट एच. पालाः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मेघालय में सौभाग्य योजना के तहत आरंभ में लक्षित गांवों की कुल संक्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का राज्य में लक्षित गांवों की संख्या बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो गांवों की संशोधित संख्या के साथ-साथ जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त योजना पूरी हो गई है या अभी भी प्रगति पर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (ग) :** भारत सरकार ने पूरे देश में ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यों के लिए दिसम्बर, 2014 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) प्रारंभ की। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश में दिनांक 28 अप्रैल, 2018 तक सभी आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांवों का विद्युतीकरण कर दिया गया था। इस स्कीम के अंतर्गत, मेघालय राज्य के 1051 गांवों सहित, कुल 18,374 गांवों का विद्युतीकरण किया गया था। डीडीयूजेजवाई के अंतर्गत और, इसके बाद, प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के अंतर्गत, सभी राज्य सरकारों द्वारा दिनांक 31 मार्च, 2019 तक सभी गांवों तथा सभी इच्छुक घरों का विद्युतीकरण पूरा करने की सूचना दी गई थी।

सौभाग्य के तत्वावधान में कुल 2.86 करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया गया था, जिसमें दो चरणों में अतिरिक्त घर शामिल थे, जो पहले विद्युतीकरण के लिए इच्छुक नहीं थे, लेकिन बाद में इच्छुक हो गए।

मेघालय राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दिनांक 31.03.2022 तक कुल 2,00,240 घरों का विद्युतीकरण कर दिया गया है। मेघालय राज्य में सौभाग्य के अंतर्गत विद्युतीकृत घरों के जिले-वार ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

**(ख) और (ग) :** मेघालय राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत दिनांक 28 अप्रैल, 2018 तक सभी आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांव विद्युतीकृत हो गए हैं।

नए घरों का निर्माण करना एक सतत प्रक्रिया है और वितरण यूटिलिटियों द्वारा ऐसे घरों के विद्युतीकरण का ध्यान रखा जाना अपेक्षित है। भारत सरकार सभी घरों, जो सौभाग्य को संस्वीकृत किए जाने के समय मौजूद थे, के विद्युतीकरण के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में, भारत सरकार ने हाल ही में संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत उनके विद्युतीकरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं और राज्यों को, इस संबंध में अपनी डीपीआर विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत करने की सलाह दी है।

*************

**<u>अनुबंध</u>**

**लोक सभा में दिनांक 09.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1357 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

************

**सौभाग्य (पोर्टल के अनुसार) की शुरूआत से विद्युतीकृत घरों तथा डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत विद्युतीकृत अतिरिक्त घरों के ब्यौरे**

| जिला | पोर्टल के अनुसार दिनांक 11.10.2017 से दिनांक 31.03.2019 तक विद्युतीकृत घरों की संख्या | डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत अतिरिक्त विद्युतीकृत | कुल विद्युतीकृत घर |
|---|---|---|---|
| पूर्वी खासी हिल्स | 26762 | 115 | 26877 |
| पश्चिमी गारो हिल्स | 57991 | | 57991 |
| पश्चिमी जैंतिया हिल्स | 29068 | 252 | 29320 |
| पश्चिमी खासी हिल्स | 24577 | 34 | 24611 |
| पूर्वी गारो हिल्स | 28835 | | 28835 |
| री भोई | 21064 | | 21064 |
| दक्षिणी गारो हिल्स | 11542 | | 11542 |
| **कुल** | **1,99,839** | **401** | **200240** |

************